आई टी एल पब्लिक स्कूल
पूर्व सामयिक कार्य पत्रिका ( 2025-26 )
हिंदी (उत्तर कुंजी)

दिनांक ः
समय ः 1 घंटा
नाम ः ______

कक्षाः तृतीय ______
रोल नंबर ______

सामान्य निर्देश-1)इस कार्य पत्रिका में 3 पृष्ठ, 3 भाग और कुल 6 प्रश्न हैं।
2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3)सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

## भाग- क ( पठन कौशल)

**प्रश्न 1** दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

एक बार रीमा और उसका भाई रोहन पार्क में खेलने गए। पार्क में बहुत सारे पेड़-पौधे थे। रीमा झूले पर बैठ गई और रोहन फिसलपट्टी पर खेलने लगा। थोड़ी देर बाद उन्होंने देखा कि एक छोटा बच्चा रो रहा है। रीमा तुरंत उसके पास गई और पूछा कि क्या हुआ। बच्चे ने बताया कि वह अपनी पानी की बोतल खो बैठा है। रीमा और रोहन ने मिलकर उसकी बोतल ढूंढी और बच्चे को दे दी। बच्चा खुश होकर मुस्कुराने लगा।

क )रीमा और रोहन कहाँ गए थे?

रीमा और उसका भाई रोहन पार्क में खेलने गए।
______________________________________________

ख) रोहन किस पर खेल रहा था?

रोहन फिसलपट्टी पर खेलने लगा।
______________________________________________

ग) बच्चा क्यों रो रहा था?
बच्चा रो रहा था क्योंकि वह अपनी पानी की बोतल खो बैठा है।
______________________________________________

घ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश में से ढूँढकर लिखें।
बड़ा छोटा थोड़ा बहुत

| | | |
|---|---|---|
| | भाग- ख ( भाषा कौशल ) | |
| प्रश्न 2 | दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।<br>(क) पत्र बाँटने वाला डाकिया<br>(ख) लोहे का काम करने वाला लुहार<br>(ग) साथ पढ़ने वाला सहपाठी<br>(घ) खेल खेलने वाला खिलाड़ी | |
| प्रश्न 3 | दिए गए एक शब्द के लिए अनेक शब्द लिखिए।<br>(क) जलचर - जो जल में रहता हो<br>(ख) चिकित्सक - जो रोगी का इलाज करता है | |
| प्रश्न 4 | निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द भरें ।<br>(क) वह आज स्कूल नहीं जाएगी।<br>(ख) हम सब मिलकर खेल रहे हैं।<br>(ग) टीचर ने मुझे शाबाश दी।<br>(घ) यह मेरा सबसे अच्छा दोस्त है। | |
| प्रश्न 5 | वाक्यों में से सर्वनाम को रेखांकित कीजिए।<br>(क) यह मेरी साइकिल है।<br>(ख) हम हर रविवार पार्क जाते हैं।<br>(ग) यह मेरा घर है।<br>(घ) वे बाजार से फल लाए।<br>(ङ) मैं एक कहानी पढ़ रहा हूँ। | |

| | | |
|---|---|---|
| | भाग- ग ( साहित्य कौशल ) | |
| प्रश्न 6 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br><br>(क) शब्द अर्थ लिखिए ।<br><br>उपकार एहसान डलिया छोटी-सी टोकरी<br><br>(ख) कछुए ने क्या उपाय सोचा?<br><br>उत्तर कछुए ने सोचा कि मगरमच्छ को मरा हुआ देखकर वह गीदड़ को पकड़वा देगा।<br><br>(ग) फूलदेई को बालपर्व क्यों कहा जाता है?<br><br>उत्तर फूलदेई को बाल पर इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसे खास तौर पर बच्चे ही मानते हैं और यह बच्चों के बीच बेहद लोकप्रिय है।<br><br>(घ) फूलदेई पर्व बच्चों को प्रकृति से कैसे जोड़ता है ?<br><br>उत्तर फूलदेई पर्व के दौरान बच्चे फूल चुनते हैं उन्हें सजाते हैं और घर-घर जाकर फूल अर्पित करते हैं जिससे वे प्रकृति के करीब आते हैं और उसे महत्व देना सीखते हैं।<br><br>(ङ) फुलारी को मिले चावल और गुड़ से क्या क्या बनाया जाता है?<br><br>उत्तर फुलारी को मिले चावल और गुड़ से हलवा ,छोई, साई और पापड़ी जैसे स्वादिष्ट व्यंजन बनाए जाते हैं।<br><br>(च) मगरमच्छ अपने भोजन के लिए किसका इंतज़ार कर रहा था ?<br><br>उत्तर मगरमच्छ अपने भोजन के लिए गीदड़ का इंतज़ार कर रहा था।<br><br>(छ) मगरमच्छ क्यों परेशान था?<br><br>उत्तर तालाब की मछलियाँ खत्म हो जाने पर मगरमच्छ परेशान था कि अब उसे खाने के लिए कुछ भी नहीं मिलेगा। | |

| | | |
|---|---|---|
| | ज) रिक्त स्थान भरें।<br><br>**1**) तालाब में मछलियाँ नहीं थीं क्योंकि सभी मछलियों को मगरमच्छ ने खा लिया था।<br>**2**) गीदड़ ने मगरमच्छ को यह कहकर चकमा दिया कि मरने पर मगरमच्छ की पूँछ हिलती रहती है।<br>**3**) सभी घरों में फुलारी के आने की तैयारी की जाती है। | |